# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

**पत्रांकः आर०एम०पी०यू०/1097/2026** **दिनांकः 20 जुलाई, 2026**

## आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा समस्त इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र **2026-27** में प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया, जो पूर्व में **दिनांक 20.07.2026** तक संचालित थी, अभ्यर्थियों की सुविधा एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों के दृष्टिगत परिसर तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में पंजीकरण की तिथि **दिनांक 25.07.2026** तक विस्तारित की जाती है।

साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों हेतु **दो मेरिट सूचियाँ** जारी की जा चुकी हैं तथा उनके सापेक्ष प्रवेश प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। प्रवेश उपरांत विभिन्न आरक्षित श्रेणियों में कुछ सीटें रिक्त रह गई हैं। अतः ऐसी रिक्त सीटों पर विश्वविद्यालय के **"Open for All"** के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जाएगा।

अतः समस्त इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण/आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के उपरांत किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

**(प्रबुद्ध सिंह)**

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु-**

1. निजी सचिव, मा० कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़।
3. प्रभारी वेबसाइट को इस निर्देश के साथ कि विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
4. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस आशय के साथ प्रेषित कि इसे छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**(प्रबुद्ध सिंह)**

**कुलसचिव**